हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 3 जनवरी 2026

11 स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए युवाओं का नशे से दूर...



12 राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की...



## खबर संक्षेप

### सिरसा में हेरोइन सहित तस्कर किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गांव फग्गु क्षेत्र से एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान रामसिंह निवासी गांव फग्गुसिरसा के रूप में हुई है। सीआईए सिरसा की पुलिस टीम गांव फग्गु क्षेत्र के पास गस्त पर थी। एक युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगा तो उसे काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जे से 7 ग्राम 1 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### मकान में चोरी के मामले में वांछित आरोपी काबू

**कालांवाली।** कालांवाली थाना पुलिस ने मंडी कालांवाली में निर्माणाधीन मकान से चोरी मामले में वांछित आरोपी काबू किया है। आरोपी की पहचान बलवंत सिंह उर्फ टिंकू निवासी गांव कालांवाली के रूप में हुई है। संजीव कुमार निवासी कालांवाली ने पुलिस को बताया कि मॉडल टाउन मंडी कालांवाली में मकान बन रहा है। 28 दिसंबर रात को मकान से सिलेंडर व अन्य सामान चोरी कर लिया गया।

### साइबर थाने की कार्रवाई से राशि आई वापस

**फतेहाबाद।** थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद ने एक साइबर फ्रॉड मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित को 1 लाख 90 हजार 357 की पूरी राशि खाते में वापस आ गई। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि सतेन्द्र कुमार पुत्र दयानंद निवासी गुरु नानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद के क्रेडिट कार्ड अकाउंट से 1 लाख 90 हजार 357 की राशि धोखाधड़ी से निकाल ली गई थी।

### सीआईए ने पिस्तौल सहित युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद ने नाजायज पिस्तौल के साथ एक युवक को काबू किया है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि भुना रोड से अशोक नगर की ओर गश्त पर निकली पुलिस टीम को सूचना मिली कि विकास कुमार उर्फ सतीश पुत्र धर्मपाल निवासी खाबड़ा कलां नाजायज पिस्तौल लेकर आ रहा है। आरोपी के जीन्स की से पिस्तौल बरामद हुई।

### बिजली ट्रांसफॉर्मर से टकराई थार

**फतेहाबाद।** मॉडल टाउन में पपीहा पार्क के पीछे एक अनियंत्रित थार गाड़ी ने बिजली के खंबे में जोरदार टक्कर दे मारी। टक्कर के बाद ट्रांसफॉर्मर जमीन पर आ गिरा वहीं थार गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बिजली निगम के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का आंकलन किया। पिज्जा हट पर काम करने वाला शेखर थार गाड़ी को लेकर पपीहा पार्क की पिछली गली से जा रहा था।

### जीप की टक्कर से घायल बच्चे की मौत

**सिरसा।** ऐलनाबाद में जीप की टक्कर से घायल हुए दस वर्षीय बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई है। ऐलनाबाद के हरचंद का बास निवासी सोनू ने बताया कि वह ऐलनाबाद में चाय का ढाबा चलाता है। 24 दिसंबर की शाम उसका बेटा प्रिंस ट्यूशन पढक़र दुकान आ रहा था। सिरसा रोड की ओर से आई जीप ने टक्कर मार दी।

### ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचला

**फतेहाबाद।** गांव दहमान से नहला के बीच एक ट्रक की चपेट में आने से बाईक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जयवीर पुत्र रणजीत सिंह के रूप में हुई है जोकि गोरखपुर प्लांट में काम करता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# शीतलहर-कड़ाके की ठंड से घरों में दुबके लोग, अभी एक सप्ताह सताएगी भीषण सर्दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नववर्ष के दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह से ही बादलवाई व कोहरा छाया रहा। सर्द हवाओं के कारण पारा लगातार गिरता जा रहा है। लोग ठिठुरते हुए नजर आए। फतेहाबाद को सर्द हवाओं ने अपनी आगोश में ले लिया। शुक्रवार को कोहरे के साथ हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। सुबह से खेल मैदान में नजर आने वाले बच्चे भी सुबह से घरों में ही दुबके हुए हैं।

मौसम विभाग का दावा है कि इस सप्ताह सर्दी इसी तरह पड़ेगी। प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हवा का रुख भी उत्तर-पश्चिमी है। यानी राजस्थान से ही सर्द हवा आ रही है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर यहां साफ दिख रहा है। इस कारण प्रदेश में रात में ठंड बढ़ी और तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। शुक्रवार को यहां का अधिकतम तापमान 16 व न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि इस सीजन का सबसे कम माना गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सर्दी के ट्रेंड के मुताबिक इस बार 14 जनवरी को संक्रांति पर भी कड़ाके की ठंड पडऩे के आसार हैं। प्रदेश में भयंकर ठंड का प्रकोप जारी है। नए साल की शुरुआत से ही ठंड और अधिक बढऩे लगी है। फतेहाबाद सहित प्रदेश में घने कोहरे की वजह से मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। शीतलहर और कड़ाके की ठंड के बीच फतेहाबाद में वीरवार से विंटर वोकेशन शुरू हो गए हैं।

### देरी से चल रहीं ट्रेनें

प्रदेश में नए साल की शुरुआत यानी कि 1 जनवरी से 15 जनवरी तक स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। बढ़ती ठंड के कारण बाजार भी सुनसान नजर आने लगे हैं वहीं सडक़ों पर वाहन भी रेंग-रेंग कर चल रहे। कोहरे के कारण ट्रेनें भी घंटों की देरी से गंतव्यों पर पहुंच रही है। जाखल जंक्शन से गुजरने वाली करीब 8 ट्रेनें शुक्रवार को अपने तय समय से 5 से 6 घंटे देरी से पहुंची। प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में 3 जनवरी की सुबह और उसके बाद तीन दिन बहुत घना कोहरा छाने की संभावना है।

### गेहूं की फसल पीली पड़नी शुरू



सुबह के समय कोहरा छाए रहने से फसलों पर विभिन्न रोग बढने की संभाना बढ़ गई है। किसानों के अनुसार कोहरे के कारण चने की फसल में इल्लियों का प्रकोप देखा जा रहा है। वहीं गेहूं की फसल पीली पडऩी शुरू हो गई है। इसको लेकर कृषि विज्ञानी किसानों को फसलों में सिंचाई करने के साथ उपचार बता रहे हैं। अधिक कोहरा रहने की स्थिति में किसानों को खेतों के आसपास धुआं करने की सलाह भी दी जा रही है।

### शाम होने के बाद बढ़ रही ठंड

ठंड बढने से गर्म कपड़ों की दुकानों में भीड़ दिखाई दे रही है। थाना रोड पर गर्म कपड़ों की दुकानों पर बड़ी संख्या में लोग खरीदी करने पहुंच रहे हैं। वहीं कई लोग शाम होने के बाद ठंड से राहत पाने के लिए अलाव का सहारा से रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और अधिक बढ़ेगी। पिछले दिनों गिरी हलकी फुहारों ने भी मौसम में ठंडक बढ़ा दी है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि दो दिन पूर्व पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बारिश के आसार थे लेकिन ऐन वक्त पर पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ गया जिस कारण बारिश नहीं हुई। अगर फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होता है तो बारिश हो सकती है। अन्यथा धुंध व शीत लहर के कारण कोल्ड वेव की स्थिति बनी रहेगी।

### अभी गेहूं को कोई नुकसान नहीं : डीडीए

कोहरे से गेहूं में पोषक तत्व कम हो जाते हैं, जिस कारण गेहूं हलकी पीली पडऩी शुरू हो जाती है लेकिन इसका गेहूं की फसल को कोई नुकसान नहीं होगा। इस समय गेहूं की फसल काफी अच्छी खड़ी है। अभी 5-6 दिन मौसम ऐसा ही रहने की संभावना है।
-राजेश सिहाग, डीडीए फतेहाबाद

## नशीली दवाओं से युवाओं की मौत होने के बाद पुलिस की कड़ी कार्रवाई

# फतेहाबाद में नशीली दवाएं बेचने वालों पर एक्शन, मेडिकल स्टोर पर दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में नशीली दवाओं के कारण युवाओं की मौत होने के बाद जिला पुलिस एक्शन में है। जिले में अवैध दवा बिक्री और नशे की सप्लाई चेन को तोडऩे के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने 10 ड्रग्स इंस्पेक्टर के साथ मिलकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मेडिकल स्टोरों की गहन जांच की। अभियान का मुख्य उद्देश्य बिना डॉक्टर की पर्ची और वैध प्रिस्क्रिप्शन के नशीले इंजेक्शन व प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर पूर्ण रोक लगाना रहा। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए कि बिना डॉक्टर की लिखित पर्ची किसी भी प्रकार का इंजेक्शन या नियंत्रित दवा बेचना कानूनन अपराध है। जांच के दौरान मेडिकल स्टोरों के बिक्री रजिस्टर, स्टॉक रिकॉर्ड और बिलिंग प्रणाली की गहनता से पड़ताल की गई। संबंधित संचालकों को चेतावनी दी गई कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर न केवल कानूनी कार्रवाई की जाएगी, बल्कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत लाइसेंस रद्द करने तक की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मेडिकल स्टोर के माध्यम से नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई सीधे-सीधे नशा तस्करी को बढ़ावा देती है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और आने वाले समय में कार्रवाई और तेज की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने साफ शब्दों में कहा कि नशे की सप्लाई चेन में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। अब नशे और दवा तस्करी करने वाले सलाखों के पीछे होंगे। आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि यदि कहीं नियमों के उल्लंघन की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस या ड्रग्स विभाग को सूचित करें।

### टोहाना में ड्रग कंट्रोलर्स ने की मेडिकल पर छापेमारी



टोहाना में सीनियर ड्रग कंट्रोल ऑफिसर रमन श्योराण और गुरुग्राम से जिला ड्रग कंट्रोलर मुकेश की टीम ने शहर के चंडीगढ़ रोड स्थित मलिक मेडिकल पर छापेमारी की। टीम ने रिकॉर्ड की जांच की, जिसमें कई खामियां पाई गईं। इन खामियों को लेकर फर्म को नोटिस जारी किया जाएगा। यह कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस के सहयोग से नशा तस्करों पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे एक विशेष अभियान के तहत की गई। विभाग ने मलिक मेडिकल के अलावा वेद फार्मासिस्ट, रिहान मेडिकल स्टोर और मुकेश नामक चार प्रतिष्ठानों की भी जांच की। सीनियर ड्रग कंट्रोलर रमन श्योराण ने बताया कि मलिक मेडिकल पर दवाइयां खरीदने और बेचने का रिकॉर्ड नहीं मिला। इसके साथ ही, दुकान के पीछे की तरफ लगाए गए दरवाजे में भी अनियमितताएं पाई गईं। इन सभी खामियों के संबंध में फर्म को नोटिस जारी किया जाएगा। श्योराण ने यह भी कहा कि नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



फतेहाबाद। नशीली गोलियों सहित पकड़ा गया युवक। फोटो : हरिभूमि

### एएनसी सेल फतेहाबाद ने नशीली गोलियों सहित युवक को पकड़ा, सप्लायर भी दबोचा गया

फतेहाबाद। एएनसी सेल फतेहाबाद ने नशीली गोलियों सहित एक युवक को काबू किया है। मामले की जांच के दौरान नशीली गोलियों के मुख्य सप्लायर को भी काबू कर लिया है। एएनसी सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक यादवेंद्र ने बताया कि एएनसी सेल की टीम द्वारा हांसपुर रोड बाईपास पुल, फतेहाबाद क्षेत्र में सघन निगरानी की जा रही थी। बाईपास पुल के समीप खड़े एक युवक को संदेह के आधार पर काबू किया। आरोपी की पहचान रामपाल उर्फ निक्का निवासी कीर्ति नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग का लिफाफा बरामद हुआ, जिसमें भारी मात्रा में नशीली गोलियां पाई गई। आरोपी के कब्जे से अल्प्राजोलम टैबलेट्स की 75 गोलियां तथा टैपेंटाडोल हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट्स की 150 गोलियां बरामद हुई। मुख्य सप्लायर की पहचान सुखदेव सिंह निवासी आयलकी, फतेहाबाद के रूप में हुई।

## जिला पुलिस की कार्रवाई

# हेरोइन तस्करी में चार युवकों को किया काबू

- शक के आधार पर युवक को काबू कर तलाशी ली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हेरोइन तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने अलग-अलग मामलों में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी पुष्पा ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम को बुढलाडा रोड, लाली मोड़ के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में मिला, जो पुलिस वाहन को देखकर छिपने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर युवक को काबू कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 6.11 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह उर्फ पकौड़ा निवासी वार्ड नंबर 4, नाली बैडा मोहल्ला, रतिया के रूप में हुई है।

सीआईए रतिया प्रभारी रिछपाल ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी तो लाल गोदाम के पास, अनाज मंडी रतिया क्षेत्र में एक युवक पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध अवस्था में भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे काबू कर लिया। काबू करते समय युवक अपने हाथ में पकड़ा एक पारदर्शी मोमी पाउच फेंकने का प्रयास कर रहा था, जिसे मौके पर ही बरामद कर लिया गया। आरोपी की पहचान संदीप पुत्र अजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर 9, बड़ी नहर, रतिया के रूप में हुई। पूछताछ पर आरोपी ने मोमी पाउच में हेरोइन होना स्वीकार किया। तलाशी व वजन करने पर बरामद हेरोइन का वजन 5.23 ग्राम पाया गया। थाना भुना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान वीटा प्लॉट, फतेहाबाद रोड, भुना के समीप एक युवक पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध अवस्था में गली की ओर तेज कदमों से जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस टीम ने युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी की पहनी हुई लोअर की दाहिनी जेब से 6.14 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान सागर पुत्र राकेश पुत्र रामस्वरूप निवासी वार्ड नंबर 9, भुना के रूप में हुई।

### सीआईए टोहाना की कार्रवाई

सीआईए टोहाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम शहर टोहाना, अनाज मंडी, चंडीगढ़ रोड, रजबाहा रोड तथा इंद्रा कॉलोनी क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान रजबाहा पुल मोड़, इंद्रा कॉलोनी टोहाना के पास एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबराकर तेज कदमों से निकलने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उसे काबू कर लिया। आरोपी की पहचान अजय उर्फ अजु पुत्र अशोक उर्फ शोकी पुत्र तेजपाल निवासी वार्ड नंबर 2, राजनगर, टोहाना के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी की पहनी जींस की जेब से 6.58 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# सिरसा नगर परिषद में पांचवीं बार पहुंची सीएम फ्लाइंग, मांगा रिकॉर्ड

**सिरसा।** नगरपरिषद प्रशासन के अधीनस्थ बनी विभिन्न वार्डों में गलियों, नप की ओर से शहर के विभिन्न पार्कों को गोद लेकर उनके रखरखाव के आधार पर अधिक भुगतान करने व नप की सफाई शाखा की ओर से जब्त किए गए सामान संबंधी कबाड़ में अनियमितता की शिकायतों की जांच को लेकर मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की टीम पांचवीं बार शुक्रवार को फिर नगरपरिषद के द्वार पहुंची। मुख्यमंत्री उडऩदस्ते का नेतृत्व उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने किया। मुख्यमंत्री कार्यालय को लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर सीएम उडऩदस्ता पिछले पांच दिनों से निरंतर नगर परिषद सिरसा कार्यालय में डेरा डाले हुए है। शिकायतों में गलियों के बगैर निर्माण हुए भुगतान होना, अतिक्रमण की आड़ में जब्त कबाड़ को खुर्दबुर्द करने व नप द्वारा गोद दिए गए पार्कों की पैमाइश में भी गोलमाल मिला है।

### ईओ नगरपरिषद के नाम पत्र सौंपा

*सीएम फ्लाइंग ने करीब एक घंटे तक स्थानीय अधिकारियों से आवश्यक दस्तावेज व अन्य जानकारियां मुहैया करवाने को लेकर ईओ नगरपरिषद के नाम पत्र सौंपा। डीएसपी सीएम फ्लाइंग की ओर से सौंपे गए पत्र में एक तथाकथित ठेकेदार द्वारा वर्ष 2024 में किन-किन फर्म/सोसायटी के तहत नगरपरिषद सिरसा के तहत कार्य करवाए गए कार्यों की सत्यापित प्रतियां मांगी। वहीं इस मामले में एस्टीमेट व एग्रीमेंट की भी प्रतियां मांगी गई।*

### प्रतिबंधित कीटनाशक की खेप पकड़ी

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग बठिंडा की जिला-स्तरीय टीम ने हरियाणा के सिरसा जिला से जा रही एक पिकअप गाड़ी से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कीटनाशक बरामद कर बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई रामा मंडी क्षेत्र के गांधी चौक के पास की गई।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. मनदीप सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान पिकअप गाड़ी से अमोनियम सॉल्ट ऑफ ग्लाइफोसेट 71 प्रतिशत तथा 41 प्रतिशत (राउंडअप) नामक प्रतिबंधित खरपतवार नाशक बरामद किया गया।

# जीएम की नियुक्ति न होने से डीजल और फास्टैग के लिए पैसों का टोटा

- रोडवेज कर्मचारियों ने की नियुक्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा राज्य परिवहन विभाग में महाप्रबंधक की नियुक्ति न होने से रोडवेज सेवाओं पर काफी असर पड़ रहा है। रोडवेज कर्मचारियों के काम अटक गए हैं।

ऐसे में रोडवेज सांझा मोर्चा ने आज जिला अतिरिक्त उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर फतेहाबाद में रोडवेज जीएम की नियुक्ति करने की मांग की है।

इस अवसर पर रोडवेज नेता विजय नागपुर, राजकुमार बीघड़, हनुमान वर्मा, विरेन्द्र कुलेरी, संदीप जांडली, सतेन्द्र, हर्ष डारा, जयवीर, सुबे सिंह, नरेश, प्रदीप, उग्रसैन सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। डीसी को सौंपे ज्ञापन में रोडवेज सांझा मोर्चा के नेताओं ने कहा कि फतेहाबाद आगार में महाप्रबंधक की 16 दिसंबर को बदली हो गई थी। इसके बाद से आज तक डिपो में ना तो महाप्रबंधक की नियुक्ति की गई है और ना ही किसी को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।



फतेहाबाद। एडीसी को ज्ञापन सौंपते रोडवेज सांझा मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## भारतीय सेना में कुक व आजाद हिंद फौज के सिपाही की धर्मपत्नी हैं मीरा देवी

# 100 वर्ष की आयु में भी श्रम, सादगी और संस्कार की मिसाल बनीं मीरा देवी

**मीरा देवी का जन्म 1982 में ढुकड़ा निवासी पंडित नानक राम शर्मा के परिवार में हुआ**

रण सिंह माचरा ▶▶ भट्टूकलां

आज जब समाज में वृद्धावस्था को असहायता से जोडक़र देखा जाने लगा है, ऐसे समय में गांव दड़ौली की मीरा देवी ने 100 वर्ष की आयु में भी आत्मनिर्भरता, श्रमशीलता और सादगी का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह पूरे समाज के लिए एक प्रेरक संदेश बन गया है। उनकी दीर्घायु, अनुशासित जीवनशैली और सकारात्मक सोच आज आमजन की जुबान पर चर्चा का विषय है। स्वर्गीय बिहारी लाल बरतानिया की धर्मपत्नी मीरा देवी का जन्म संवत 1982 में गांव ढुकड़ा निवासी पंडित नानक राम शर्मा के परिवार में हुआ। उनके पति भारतीय सेना में कुक रहे तथा बाद में आजाद हिन्द फौज में भी सेवाएं दीं। देश की आजादी के बाद वे बिना पेंशन घर लौट आए और सादगीपूर्ण जीवन व्यतीत किया।



भट्टूकलां। परिवार के साथ 100वां जन्मदिन मनाते मीरा देवी। फोटो : हरिभूमि

### क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला

मीरा देवी के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। गांव भट्टू, सदलपुर, आदमपुर, चूली बागडियान, दड़ौली, मोडाखेड़ा, मोहब्बतपुर, ढाणी मोहब्बतपुर, किशनगढ़, खारा बरवाला, चूली कलां सहित अनेक गांवों से लगभग एक हजार लोग इस आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर मोहिंदर सिंह रिटायर्ड अंग्रेजी प्रवक्ता, खंड शिक्षा अधिकारी जाखल सुभाषचंद्र भांभू, असरावां के प्राचार्य राधेश्याम, बांडाहेड़ी के डीपीई रामकुमार, दड़ौली के सरपंच मनोज कुमार डूडी, पूर्व सरपंच राजबीर हुड्डा, भट्टू कॉलेज के भूगोल प्रवक्ता मदन लाल बिश्नोई, समाजसेवी जीत भदरेचा, अनूप मांजु, प्राचार्या शकुंतला खीचड़, गोरा सिंह कैप्टन रिटायर्ड, सुखबीर डूडी पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी आदमपुर मंडी सहित अनेक शिक्षाविद, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### सीजेएम प्रवेश सिंगला ने कानूनी जागरूकता और प्रचार अभियान को दिखाई हरी झंडी

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कानूनी जागरूकता कार्यक्रम और प्रचार अभियान आरंभ किया गया। जिसके तहत पैनल अधिवक्ता और पीएलवी सिरसा के अलग-अलग गांव जाकर लोगों को नालसा एवं हलसा की अलग-अलग योजनाओं के बारे में जागरूक करेंगे। शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने हरी झंडी दिखा कर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम और प्रचार अभियान आरंभ किया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 31 जनवरी तक प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता और पीएलवी सिरसा के अलग-अलग गांव जाकर लोगों को नालसा एवं हलसा की अलग-अलग योजनाओं के बारे में जागरूक करेंगे।



# बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे' शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं' का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं' के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

लाइफ Style



# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में' की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।

## हॉलीवुड मसाला



# पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।




# ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



# अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



# 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।' आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा' को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।




# द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।



# बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज



**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात' का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं। 'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली' के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

## कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।

**खबर संक्षेप**

### योग दिव्य मंदिर में नववर्ष महोत्सव कल

**फतेहाबाद।** रतिया रोड पर स्थित योग दिव्य मंदिर/योग अभ्यास केंद में नववर्ष 6 के उपलक्ष्य में 4 जनवरी रविवार को नववर्ष महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। नववर्ष की शुरुआत आध्यात्मिक वातावरण में करने के उद्देश्य से यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। पूरा आयोजन कर्मचंद सरदाना की देखरेख में होगा। धर्मपाल चावला ने बताया कि नववर्ष की पावन बेला पर आयोजित होने वाला यह महोत्सव इस वर्ष भी पूरे श्रद्धा भाव एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे विधिवत हवन-यज्ञ से होगा, जिसमें देश व समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की जाएगी। हवन-यज्ञ के उपरांत प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक भजन संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।



सिरसा। नववर्ष पर भजनों की प्रस्तुति देते हुए भजन गायिका।

### श्री श्याम मंदिर में हुई भजनामृत वर्षा

**सिरसा।** प्राचीन श्री श्याम मंदिर में नववर्ष शरद ऋतोत्सव पर श्री श्याम भजनामृत वर्षा का भव्य आयोजन हुआ। इस पावन अवसर पर पूरा मंदिर परिसर श्याममय हो गया। सूरतगढ़ से पहुंची श्याम लाडली वैष्णवी जनवेजा ने मधुर भजनों से बाबा का गुणगान किया। उन्होंने श्याम धणी को आयो रे बुलावो, चलो खाटू धाम, आयो फागणियो, मेले में मिलेगो हारो सांवरियो, काल रात ने सपनो आयो बाबो, डोरी खेंच के राखिजे, यो है बाबा को निशान, पैदल चालणिया के सागे चाले बाबो श्याम... सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। भजनों की धुन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमे। नववर्ष के स्वागत के लिए मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। बाबा का कोलकाता के पुष्पों से अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर में रंग-बिरंगी रोशनी और पुष्प सज्जा से उत्सव का माहौल बना रहा। मंदिर संरक्षक तारा शर्मा ने बताया कि भजनामृत वर्षा के पश्चात आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के समक्ष शीश नवाकर सुख-समृद्धि और मंगलमय नववर्ष की कामनाएं की। संगीत संचालन बब्बू गिरधर म्यूजिक गुरप ने किया।

## उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए

# जन शिकायत को अधिकारी गंभीरता से लें और जल्द ही स्थाई समाधान भी करें

■ 258 शिकायतें रिओपन की गई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा**

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में जो शिकायतें आए, उन पर संबंधित विभाग तत्परता से कार्यवाही करते हुए निवारण करें, साथ ही शिकायतकर्ता को भी अवगत करवाएं ताकि शिकायत के संबंध में सही जानकारी के साथ समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिकायत का उचित समाधान करने का प्रयास किया जाए ताकि शिकायत को रिओपन न करना पड़े। जो शिकायत कई विभागों से संबंधित है, उसे मुख्य एक विभाग को न भेज कर सभी से रिपोर्ट ली जाए। उपायुक्त शांतनु शर्मा शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत बैठक में समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेते हुए समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों की समीक्षा करते हुए तत्परता से निपटान के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत, पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण, जिला परिषद सीईओ डॉ सुभाष चंद्र विशेष रूप से मौजूद रहे। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो शिकायतें लंबित हैं, उनकी मॉनिटरिंग संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी भी करें ताकि समय पर उचित समाधान हो सके। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में आई 7348 शिकायतों में से 6011 का समाधान किया जा चुका है। 155 शिकायतों का समाधान जारी है, 849 शिकायतें रिजेक्ट की जा चुकी हैं जबकि 258 रिओपन की गई है।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर एक ही छत के नीचे आमजन की सभी प्रकार की शिकायतों का समाधान का सशक्त माध्यम है। इसलिए जब भी कोई जन शिकायत आती है तो अधिकारी गंभीरता के साथ कार्य करते हुए स्थाई समाधान करें और इसके बारे में परिवादी को भी अवगत करवाएं।



सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त शांतनु शर्मा। फोटो : हरिभूमि

# नशा तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करें : एसपी

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें और नशा तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त कर आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करें। एसपी दीपक सहारण शुक्रवार को सिरसा में पुलिस अधिकारियों की बैठक को संबोधित करत रहे थे। उन्होंने कहा है कि आमजन का सहयोग लेकर नशे के सौदागरों व गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लाएं।

एसपी ने कहा कि विभिन्न आपराधिक वारदातों में पकड़े गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत में भी उनके खिलाफ बेहतर ढंग से पैरवी करें ताकि अपराध करने वाला व्यक्ति किसी भी सूरत में सजा से न बच पाए। संपत्ति विरुद्ध अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सूराग जुटाकर अनसुलझे मामलों को शीघ्र निपटाएं तथा विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करें। वांछित भगौड़ों की धरपकड़ तेज करें तथा आदतन अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोलें तथा समय समय पर चैक कर उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें ताकि वे भविष्य में किसी अन्य आपराधिक वारदात को अंजाम न दे पाए। पुलिस अधीक्षक न कहा है कि पीएम विंडो, सीएम विंडो व हर समय पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर सही समय पर जबाव भेजें तथा थाना में आए फरियादियों की गंभीरता से सुनवाई कर शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं ताकि पीड़ित व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष सावधानी व सतर्कता बरतें। रात्रि में अधिक से अधिक पुलिस चेकिंग व गश्त बढाई जाए ताकि गृहभेदन व वाहन चोरी जैसी घटनाओं की पुनरावृति को रोका जा सके।



सिरसा। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी दीपक सहारण।

**थाने में रिकॉर्ड अपडेट रखें**

नशे के कारोबार से काली कमाई अर्जित करने वालों का ब्यौरा जुटाकर उनकी संपति अटैच करवाएं ताकि आमजन में साकारात्मक संदेश जाएं। थाने के रिकॉर्ड को पूरी तरह कंप्यूटरीकृत एवं अपडेट रखें तथा उच्च अधिकारियों द्वारा मांगे गए जबाव सही समय पर भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की पहली और सर्वोच्च प्राथमिकात रहनी चाहिए। महिला थाना सहित जिस भी थाने में महिलाओं से संबंधित शिकायत आती है तो तुरंत प्रभाव से उसका निदान करें।

## स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए युवाओं का नशे से दूर रहना जरूरी



भट्टूकलां। शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथिगण।

■ 'खुशी-नई उम्मीद' द्वारा रक्तदान शिविर एवं नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां**

नववर्ष के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था 'खुशी-नई उम्मीद' द्वारा मदर टैरेसा समिति के सहयोग से रक्तदन शिविर एवं नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भट्टू के मदर टैरेसा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लाक समिति के वाइस चेयरमैन बंसीलाल भिगासरा, पत्रकार संजय आहूजा, एनएसएस के जिला संयोजक रोहताश कड़वासरा, जिला रेडक्रॉस सोसायटी से सुरेन्द्र चुघ व सुनील भाटिया, मदर टैरेसा स्कूल के अध्यक्ष गोविंद गोयल, प्रबंधक सुधीर बैनीवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचा जिला पुलिस की नशामुक्ति टीम के इंचार्ज एएसआई सुंदर मुसाफिर ने युवाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों बारे जानकारी दी। मदर टैरेसा स्कूल के एसएसएस स्वयंसेवकों ने एनएसएस इंचार्ज कुलदीप के नेतृत्व में कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लिया। खुशी-नई उम्मीद संस्था से गोपाल बंसल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। रक्तदान शिविर में काफी संख्या में युवाओं ने रक्त देकर इस सामाजिक कार्य में अपना योगदान दिया। जिला नशामुक्ति टीम के इंचार्ज एएसआई सुंदर मुसाफिर ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि नशा न केवल एक व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए युवाओं का नशे से दूर रहना अनिवार्य है। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशा न करने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने की अपील की।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को जीवनभर नशे से दूर रहने और दूसरों को इसके विरुद्ध जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। खुशी नई उम्मीद संस्था के गोपाल बंसल ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के जनहित कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजीव वर्मा, राजेश बाबू, सुरेन्द्र वर्मा, प्रमोद घोटड़, विकास सिंगला सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# सर्दी के मौसम में अंगीठी से बढ़ रहा खतरा : एसपी

■ एसपी सिद्धांत जैन ने आमजन से अपील

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

सर्दी के मौसम में तापमान गिरने के साथ ही अंगीठी, कोयला एवं अन्य हीटिंग साधनों के उपयोग से होने वाले हादसों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इसी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की ओर से आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। एसपी ने कहा कि गत वर्ष प्रदेश में अंगीठी जलाने के दौरान दम घुटने की घटनाओं में कई लोगों की असमय मृत्यु हुई। पानीपत जिले में अंगीठी जलाकर सोने के कारण चार लोगों की दम घुटने से मृत्यु हुई, वहीं रोहतक जिले में इसी प्रकार की घटना में तीन विदेशी नागरिकों की जान चली गई। ये सभी घटनाएं इस बात का स्पष्ट उदाहरण हैं कि थोड़ी सी लापरवाही किस तरह जानलेवा साबित हो सकती है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए बंद कमरों में अंगीठी या कोयला जलाकर सोना अत्यंत खतरनाक है। अंगीठी या कोयले के जलने से कार्बन मोनोऑक्साइड नामक जहरीली गैस निकलती है, जो रंगहीन एवं गंधहीन होती है। सोते समय व्यक्ति को इस गैस की मौजूदगी का अहसास नहीं होता और धीरे-धीरे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है, जिससे व्यक्ति बेहोश हो सकता है और समय पर सहायता न मिलने पर मृत्यु तक हो सकती है। उन्होंने बताया कि कार्बन मोनोऑक्साइड के प्रभाव से व्यक्ति को चक्कर आना, सिर दर्द, घबराहट, उल्टी, सांस लेने में तकलीफ तथा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। सर्दियों में हर वर्ष इस प्रकार के दुखद हादसे सामने आते हैं, जिन्हें केवल सतर्कता और जागरूकता अपनाकर पूरी तरह रोका जा सकता है।

**लापरवाही बन सकती है जानलेवा**

एसपी सिद्धांत जैन ने आमजन से अपील की कि कभी भी बंद कमरे में अंगीठी जलाकर न सोएं। यदि किसी परिस्थिति में अंगीठी का उपयोग करना आवश्यक हो, तो कमरे में पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था जरूर रखें, जैसे दरवाजा या खिडकी खुली रखें। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के आसपास अंगीठी का प्रयोग विशेष रूप से खतरनाक हो सकता है, इसलिए इससे यथासंभव बचें। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि गैस हीटर, ब्लोअर एवं रूम हीटर का उपयोग करते समय भी पूरी सावधानी बरती जाए और ऐसे उपकरणों को रातभर चालू छोडने से बचा जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में अंगीठी या हीटर के कारण चक्कर, सिर दर्द, उल्टी या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत उसे खुली हवा में ले जाएं और बिना देरी किए नजदीकी अस्पताल या चिकित्सक से संपर्क करें।

# नेशनल लेवल वुशु पदक विजेताओं को एसपी सिद्धांत जैन ने किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बोधिधर्मा स्पोर्ट्स एकेडमी, फतेहाबाद के उन प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को अपने कार्यालय में सम्मानित किया, जिन्होंने नेशनल लेवल वुशु प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाडिय़ों की इस उपलब्धि को खेल जगत के साथ-साथ समाज के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बताया गया। एसपी ने खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद के खिलाडिय़ों का राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना यह दर्शाता है कि जिले की युवा प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं। एसपी सिद्धांत जैन ने खिलाडिय़ों के कोच और बोधिधर्मा स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रशिक्षकों की भी सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, मार्गदर्शन और समर्पण के कारण ही खिलाड़ी इस मुकाम तक पहुंचे हैं। सम्मान समारोह के दौरान खिलाडिय़ों ने भी अपने अनुभव साझा किए।



फतेहाबाद। वुशु खिलाडिय़ों को सम्मानित करते एसपी सिद्धांत जैन।

## भजन संध्या में जमकर झूमे श्याम श्रद्धालु



सिरसा। श्याम मंदिर में भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक। फोटो : हरिभूमि

**सिरसा।** खाटू श्याम धाम में नववर्ष के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रवक्ता दिपेश गोयल ने बताया कि सर्वप्रथम संजीव गुप्ता ने सपरिवार गणेश पूजन करवाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंदिर को कोलकता के फूलों से भव्य रूप से सजाया गया, जबकि ड्राई फ्रूट से बाबा का पावन श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम के दौरान भव्य आतिशबाजी की गई। बाबा श्याम को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया। इसके बाद भजन संध्या आयोजित की गई। डॉ. श्याम सुंदर गुप्ता व मनदीप सिंह ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। कलकत्ता से आए कलाकार शिवम ने अपनी मधुर वाणी से थासु विनती करां हां बारंबार, सुनो जी सरकार, खाटू का राजा मेहर करो, तेरे बिना श्याम, हमारा नहीं कोई रे, सच्ची सरकार तु हारा, सांचा दरबार...सहित अनेक भजन गाकर श्रद्धालुओं को रातभर रिझाए रखा।

## विवेकानंद स्कूल में वार्षिक समारोह



भट्टूकलां। समारोह का शुभारंभ करते डीईओ संगीता बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

**भट्टूकलां।** चौपटा रोड स्थित में विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक समारोह व पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा देना एक अत्यंत पुण्य का कार्य है। डीईओ ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति न केवल अपने जीवन को बेहतर बनाता है। स्कूल के संचालक विनोद जोशी ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया वहीं सतवीर मिल ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी भट्टूकलां बलवान सिंह, विजय कुमार फतेहाबाद, सतबीर मील रिटायर प्रिंसिपल पीएम श्री स्कूल शेखुपुर दड़ोली, विनोद जोशी प्रिंसिपल विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओमप्रकाश गढ़वाल डायरेक्टर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल चूली कलां, सुभाष जोशी रिटायर राजस्थान पुलिस सहित आदि मौजूद रहे।

## बाबा बिहारी के परिनिर्वाण दिवस पर भंडारा



सिरसा । बाबा बिहारी के परिनिर्वाण दिवस पर हवन यज्ञ करते हुए।

**सिरसा।** बाबा बिहारी के 55वें परिनिर्वाण दिवस पर समाधि स्थल पर हवन यज्ञ के पश्चात विशाल भंडारा लगाया गया। भंडारे का शुभारंभ श्री बाबा बिहारी जी स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ने किया। उन्होंने कहा कि सिरसा संत महात्माओं की धरती है। बाबा तारा, बाबा श्योराम, बाबा सरसाई नाथ, बाबा बिहारी की कृपा सभी पर बरसती रहे। इस अवसर पर समाधि के मुख्य सेवक गुलाब राय गुर्जर, सरस्वती कांडा, सरिता कांडा, संरक्षक महेश सुरेकां, प्रदीप मित्तल, नगर परिषद के अध्यक्ष शांति स्वरूप भट्टी, पूनम सेठी, रीना सेठी, नितिन सेठी, संजय साहुवाला, गोपाल सर्राफ, इंद्रोश गुर्जर, अश्विनी बंसल, अनिल सर्राफ, मनोज मिढा, बलविंद्र नरूला, राजकुमार शर्मा, जसपाल सिंह, सतीश राणा, जोगेंद्र सिंह, आशा रानी गनेरीवाला, जसबीर सिंह, सुरेखा, मंगलचंद सेठी, गुरमुख कोचर, नरेश मिढा, प्रवीन नरूला सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

## महिला कॉलेज में 'कोई मतदाता ना छूटे' थीम पर प्रतियोगिताएं



फतेहाबाद। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में कोई मतदाता ना छूटे की थीम पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों व उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती के आदेशानुसार आयोजित की गई।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आई छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर लोकतांत्रिक चेतना और मतदाता जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने कहा कि मतदाता जागरूकता लोकतंत्र की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और नागरिक चेतना विकसित करते हैं। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ज्योति ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं विशेषकर छात्राओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, मतदान के महत्व और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाना है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मतदान का अधिकार, युवा सहभागिता और सशक्त लोकतंत्र जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। भाषण प्रतियोगिता में ओजपूर्ण वक्तव्यों के माध्यम से मतदाता जागरूकता की आवश्यकता को रेखांकित किया गया, वहीं रंगोली प्रतियोगिता में लोकतंत्र और मतदान के महत्व को रचनात्मक रंगों में उकेरा गया। भाषण प्रतियोगिता में एकता ने प्रथम, जसमीन कौर ने द्वितीय तथा पारुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में सोनिया पूनिया प्रथम, सिमरन द्वितीय और जसमीन कौर तृतीय रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में हिमांशु प्रथम, कुमकुम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्रतिभागी ने प्राप्त किया।

### राजकीय विद्यालय रिसालियाखेड़ा में एनएसएस शिविर शुरू

**ओढां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रिसालिया खेड़ा में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत एवं भव्य शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य रोशन लाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास एवं समाज सेवा का सशक्त माध्यम है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्राध्यापक इंद्रजीत ने शिविर की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुरारीलाल, श्याम लाल, जगसीर, पवन कुमार, मनोज कुमार, सोनिया, मुकेश, सुनील एवं दीपक सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**गुहार** खिलाड़ियों ने की प्रशासन से मांग, बड़ी संख्या में मैदान में खेलने जाते हैं खिलाड़ी

# रतिया में भी बदले जाएं बास्केट बॉल के कंडम पोल

■ खिलाड़ी बोले-रोहतक की घटना से प्रशासन ने नहीं लिया सबक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया**

रतिया बॉस्केट बाल टीम के सदस्यों ने प्रदेश सरकार व खेल विभाग से सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने बास्केट बॉल ग्राउंड में पुराने व कंडम हो चुके पोल बदलने की मांग की है। खिलाडिय़ों का कहना है कि रोहतक में बास्केट बॉल खिलाड़ी की मौत की घटना से सबक लेकर जहां जहां पर भी कंडम पोल है उनको बदलकर नए लगाए जाए। बास्केटबाल कोच निरंजन सिंह कोच ने बताया कि रतिया में बढ़ते नशे को देखते हुए जिला प्रशासन व सरकार ने रतिया में खेलो को बढ़ावा देना चाहिए। रतिया में खेल स्टेडियम होना बेहद जरूरी है ताकि युवा नशे की बजाए खेल की तरफ आकर्षित हो।

उन्होंने बताया कि रतिया के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने बास्केट बॉल ग्राउंड की हालत बहुत ज्यादा खस्ता है और एक ग्राउंड के तो पोल काट दिए हैं लेकिन उनको अप तक नया नहीं लगाया गया है। रतिया बास्केट बॉल टीम के खिलाडिय़ों ने बताया कि रोहतक में हुई घटना के कारण रतिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने बास्केट बॉल ग्राउंड के पोल को काट दिया गया है। इसके साथ साथ जो दो पोल लगे हुए हैं, वह भी काफी पुराने हैं उनको भी बदलकर बास्केट बॉल का नया ग्राउंड बनाने की जरूरत है। रतिया बास्केट बॉल ग्राउंड में 30 से ज्यादा खिलाड़ी खेल के मैदान में सुबह शाम खेलने के लिए जाते हैं।



रतिया। कंडम बॉस्केटबाल पोल दिखाते खिलाड़ी।

**यह रहे मौजूद**

रतिया बास्केट बॉल टीम की तरफ से हरियाणा सरकार, खेल विभाग व जिला प्रशासन से मांग की गई है कि रतिया में जो बास्केट बॉल ग्राउंड पुराना जर्जर हालात में है उसको ठीक करवाया जाए, ताकि युवाओं को खेलने में कोई भी दिक्कत न हो। इस दौरान मौके पर शर्मा चंद लाली, काला राम, टीटू सिंह, संजय कुमार, बलविंदर सिंह, अजय कुमार, मनमोहन सिंह, हर्ष कुमार, मोहित, विक्की, रासविंदर सिंह, कुंवर सिंह, अमनदीप सिंह, सचिन प्रत्यक्ष कुमार, टीटू, राकेश अग्रवाल, प्रशांत कुमार, पवन सिंगला, लक्ष्य कुमार, मोनू आदि खिलाड़ी मौके पर मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### एसडीएम ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए

**रतिया।** सर्दी के मौसम को देखते हुए एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने मॉडल टाउन के नजदीक पीरू राम कॉलोनी में गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और प्रशासन द्वारा कंबल बांटे गए है। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना प्रशासन का कर्तव्य है, भीषण ठंड में किसी भी व्यक्ति को परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को भी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाने के निर्देश दिए है।

### एनएसएस कैंप में स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**भूना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलू में चल रहे स्पेशल सात दिवसीय एनएसएस कैंप के दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. कामना ने एनएसएस वॉलंटियर्स को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ आदतें अपनाकर हम कई बीमारियों से बच सकते हैं तथा एक बेहतर और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। डॉ. कामना ने बताया कि अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

### अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

**सिरसा।** पुलिस ने एक युवक को 15 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान राहुल उर्फ निवासी चतरगढपट्टी सिरसा के रुप मे हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत थाना सिविल लाइन में मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान

**सिरसा।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य वृद्धजन, दिव्यांगजन तथा अन्य पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड ने बताया कि विभाग द्वारा दी जा रही योजनाओं में प्रमुख रूप से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना शामिल है। इस योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र नागरिकों को पेंशन की सुविधा प्रदान की जाती है। पात्रता के अनुसार पति पत्नी की सभी साधनों से सालाना आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### नशामुक्ति अभियान के प्रति किया जागरूक

**सिरसा।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को जिला स्तरीय नशामुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत रानियां बाजार स्थित रेडक्रॉस भवन में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को नशामुक्ति अभियान में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि नशामक्ति के प्रति जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

*जिले में एक साल में 227 सड़क हादसों में 40 लोगों की असमय मौत हुई*

# 2025 में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर रिकॉर्ड कार्रवाई 1153 चालकों पर एक्शन, 253 को गिरफ्तार कर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

**नशे में वाहन चलाने के लिए 61 मामले दर्ज हुए**

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद यातायात पुलिस ने वर्ष 2025 में यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस अभियान के तहत नशे में वाहन चलाने वालों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 1153 चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए गए। यातायात पुलिस द्वारा 900 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करवाने हेतु संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया, जबकि 253 चालकों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में नशे में वाहन चलाने के केवल 61 मामले दर्ज हुए थे, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जो यातायात पुलिस की सख्ती को दर्शाती है।

## तेज गति से वाहन चलाने पर 2300 चालकों का चालान किया गया

### 160 मॉडिफाइड साइलेंसरों को किया गया नष्ट


एसपी सिद्धांत जैन।

एसपी ने बताया कि बुलेट मोटरसाइकिलों पर पटाखा साइलेंसर बजाकर आमजन की शांति भंग करने वालों के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया गया। वर्ष 2025 में 265 बुलेट चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई तथा 160 मॉडिफाइड साइलेंसरों को बुलडोजर से नष्ट किया गया, ताकि भविष्य में उनका दोबारा उपयोग न हो सके। वर्ष 2024 में इस प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। इसी तरह काली फिल्म लगाकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी सख्ती बरती गई। वर्ष 2025 में 101 वाहनों के चालान किए गए, जबकि वर्ष 2024 में यह आंकड़ा मात्र 15 था। वहीं तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए 2300 चालकों के खिलाफ चालान किए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में कई गुना अधिक है।

### एंबुलेंस को रास्ता न देने वालों पर हुई कार्रवाई

आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए यातायात पुलिस ने एंबुलेंस को रास्ता न देने वाले 50 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की, जबकि वर्ष 2024 में ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया था। इसके अतिरिक्त नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने के मामलों में 48 वाहन मालिकों यानि अभिभावकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या 25 थी। वर्ष 2025 में फतेहाबाद यातायात पुलिस ने नियमों की अवहेलना करने वाले कुल 50,559 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की, जबकि वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 34,683 था, जो यातायात पुलिस की सक्रियता और सख्ती को स्पष्ट करता है। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि यातायात पुलिस केवल चालान तक सीमित नहीं है, बल्कि सडक़ दुर्घटनाओं में मानवीय सहायता भी प्राथमिकता से प्रदान कर रही है। वर्ष 2025 में 227 सडक़ दुर्घटनाओं के मामलों में यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार दिलवाया और अस्पताल पहुंचाया। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में 227 सडक़ दुर्घटनाएं हुई, जिनमें 40 लोगों की मृत्यु हुई, जबकि वर्ष 2024 में 198 दुर्घटनाओं में 98 लोगों की मौत हुई थी। इसके साथ ही एसपी सिद्धांत जैन ने जानकारी दी कि यातायात पुलिस आमजन को नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। वर्ष 2025 में गली-मोहल्लों, स्कूलों, कॉलेजों एवं गांव स्तर पर कुल 359 जागरूकता सेमिनार व कैंप आयोजित कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

## पंजाबी समाज ने हमेशा मेहनत, राष्ट्रभक्ति और बलिदान की मिसाल पेश की : मिड्ढा

# राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की भावना रखनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि प्रत्येक भारतवासी को राष्ट्र के निर्माण और उसकी रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की भावना रखनी होगी। राष्ट्र विकसित होगा तो समाज का हर वर्ग आगे बढेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित राष्ट्र का लक्ष्य रखा है, हम सबका भी दायित्व है कि हम राष्ट्र निर्माण में अपना पूर्ण योगदान दें। वे शुक्रवार को पंजाबी महासभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, पूर्व चेयरमैन जगदीश चोपड़ा, पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, पूर्व जिलाध्यक्ष शीशपाल कंबोज, अमीर चंद मेहता सहित भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे। सम्मान समारोह में आईएफएस अधिकारी यशिका मेहता तथा जीएसटी इंस्पेक्टर श्वेता छाबड़ा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन ललित मोहन पोपली, सीएम एमिनेंट पर्सन पिंचु कालड़ा, मंडल अध्यक्ष सरोज बाला को भी सम्मानित किया गया।


सिरसा। डिप्टी स्पीकर को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### देश का विभाजन बड़ी त्रासदी : विस डिप्टी स्पीकर

डा. मिड्ढा ने कहा कि देश का विभाजन केवल जमीन का नहीं था, वह दिलों का विभाजन था। आजादी के समय लाखों लोगों ने शहादत दी। जब 15 अगस्त 1947 को देश आजाद होने वाला था, तब पूरे भारत में खुशी की लहर थी। हर मन में आजादी का उत्साह था, लेकिन किसी ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि उस आजादी की कीमत इतनी भयावह होगी, हम अपने ही अपनों से बिछड़ जाएंगे, कि हमें अपने माता-पिता, बहन-बेटियों से अलग होना पड़ेगा। उस समय जो हालात बने, वे इंसानियत को झकझोर देने वाले थे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। देश की आवाज पूरी दुनिया में गूंज रही है। विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का डंका बजाया है, आज केवल भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भगवान राम के मंदिर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पंजाबी समुदाय से ही हरियाणा को मनोहर लाल के रूप में मुख्यमंत्री दिया, आज भी नायब सिंह सैनी समाज से बहुत स्नेह रखते हैं और उनकी कैबिनेट सहित सरकार में प्रतिनिधित्व समाज को मिला हुआ है। इस अवसर नगर पालिका चेयरमैन मनोज सचदेवा, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम बजाज, सागर केहरवाला, राजेंद्र ढाबर, महेश फुटेला, संदीप मित्तल, लीला कृष्ण मेहता, राज कुमार मेहता, पार्षद पवन कालड़ा, चंद्रभान कामरा, हनुमान जांगड़ा, दर्शन नागपाल, अनिल नागपाल जींद, रमेश कुमार, रजत पोपली, विश मेहता, धीरज अरोड़ा, अमित बठला, श्वेता, संजय आहुजा, सुखविंद्र, नरेंद्र, सुनील गुंबर, उमेश मेहता, मलकीत, सीमा, राजीव, रविंद्र सहित भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# फतेहाबाद में आईटी लैब में विशेष अनुसंधान कार्यशाला का शुभारंभ

- पुलिस लाइन में कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। कार्यशाला में पुलिस कर्मचारियों को जानकारियां देते विशेषज्ञ।

पुलिस लाइन फतेहाबाद स्थित आईटी लैब में विशेष अनुसंधान कार्यशाला की शुरुआत की है। यह पहल पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की स्पष्ट सोच, तकनीकी दृष्टिकोण और पेशेवर नेतृत्व का परिणाम है, जिसका उद्देश्य जिले में पुलिसिंग की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। यह कार्यशाला जिलेभर के सभी अनुसंधानकर्ताओं के लिए आयोजित की गई है। एसपी जैन लगातार इस बात पर जोर देते रहे हैं कि मजबूत कानून-व्यवस्था की नींव सशक्त, निष्पक्ष और तकनीकी रूप से दक्ष अनुसंधान पर ही टिकी होती है। इसी सोच के तहत उन्होंने नववर्ष की शुरुआत अनुसंधानकर्ताओं के क्षमता निर्माण से करने का निर्णय लिया। यह विशेष कार्यशाला सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। कार्यशाला के माध्यम से जिले के अनुसंधानकर्ताओं को आधुनिक तकनीकी संसाधनों, डिजिटल टूल्स और आईटी आधारित विवेचना पद्धतियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे जांच प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सटीक और समयबद्ध बन सके। कार्यशाला में साइबर अपराधों की जांच, डिजिटल साक्ष्य संकलन, सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, मोबाइल और सोशल मीडिया से जुड़े डिजिटल साक्ष्यों की पड़ताल, ऑनलाइन ट्रैकिंग, केस डायरी का डिजिटल रख-रखाव और ई-चार्जशीट जैसी आधुनिक प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही अनुसंधानकर्ताओं को यह भी प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### मीडिया लोकतंत्र की महत्वपूर्ण कड़ी : डॉ. सांगवान


सिरसा। एनएसएस शिविर में डॉ. अमित सांगवान बच्चों को संबोधित करते हुए।

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय आवासीय शिविर के छठे दिन सीडीएलयू के प्राध्यापक डॉ. अमित सांगवान ने विश्वविद्यालय में चल रहे जनसंचार के विभिन्न कोर्सों के बारे में अवगत करवाया व बताया कि मीडिया लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि इससे जुड़कर देश व समाज के लिए महान कार्य किया जा सकता है। इसके अलाव इसके माध्यम से समाज में चल रही व्याप्त बुराइयों के खिलाफ इस माध्यम से आवाज उठाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर मीडिया के क्षेत्र में सही तरीके से कार्य किया जाए तो समाज में फैले भ्रष्टाचार व व्याप्त बुराइयों को उजागर करके उन्हें जड़ से समाप्त किया जा सकता है। पूनम लोहान अतिथियों का आभार व्यक्त किया। राजकुमार व सुरेश गिरी ने उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुमन पूनियां, जगतार, प्रमोद, पंकज आदि प्रवक्ता मौजूद थे।

# अधिकारी की कार्यशैली के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

- टोहाना में कर्मचारियों ने नारेबाजी कर रोष जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना


टोहाना। अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

टोहाना में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के ग्रामीण सब-डिवीजन के कर्मचारियों ने शुक्रवार को उपमंडल अधिकारी (ग्रामीण) की कार्यशैली के विरोध में दो घंटे का प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन यूनियन द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद अधिकारी द्वारा बैठक का समय न दिए जाने के कारण किया गया। यूनियन प्रतिनिधियों ने बताया कि विभागीय समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर उपमंडल अधिकारी को कई बार लिखित में अवगत कराया गया था। इसके बावजूद न तो कोई बैठक आयोजित की गई और न ही समस्याओं का समाधान किया गया। यूनियन ने अधिकारी के इस रवैये को कर्मचारियों की अनदेखी और तानाशाहीपूर्ण बताया। इस रोष प्रदर्शन का संचालन कर्मवीर लाइनमैन ने किया, जबकि सब यूनिट टोहाना के प्रधान सूरजमल नैन ने इसकी अध्यक्षता की।

### इनेलो राष्ट्रीय व राज्य कार्यकारिणी की बैठक 4 को फतेहाबाद में

फतेहाबाद। इंडियन नेशनल लोकदल की राष्ट्रीय/राज्य कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक 4 जनवरी को फतेहाबाद में सिरसा रोड स्थित सेतिया पैलेस में होगी। इस बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारी, सदस्य, जिला, शहरी एवं हलका अध्यक्ष, सभी प्रकोष्ठों के राज्य एवं जिला संयोजक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद और प्रदेश एवं जिला के प्रवक्ता शामिल होंगे। इस दौरान इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व मंत्री चौधरी संपत सिंह का भव्य अभिनंदन समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। इनेलो के राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला सभी जिला, हलका प्रधान मौजूद रहेंगे।

# अशोक तनेजा बने अध्यक्ष, सचिव पद पर अनिल वधवा के नाम पर सहमति

- सेक्टर-3 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न, पुरानी कार्यकारिणी को फिर से मिला मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। शपथ लेते सेक्टर-3 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

सैक्टर तीन रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनावों के दौरान सेक्टर वासियों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द की एक अनूठी मिसाल पेश की है। सैक्टर तीन रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन एक बार फिर से सर्वसम्मति से चुन ली गई है। इस तरह से प्रधान पद पर अशोक तनेजा, वरिष्ठ उप प्रधान पद के लिए अरविंद सिंह, उपप्रधान उमेद सांगा, सचिव पद के लिए अनिल वधवा, सहसचिव के लिए नितिन मेहता एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए गोकल सचदेवा की वापिसी हुई है। सैक्टर तीन रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव केके अरोड़ा, सुखदेव एवं पवन शर्मा की चुनाव समिति एवं एडवोकेट अजय गिल्होत्रा की देखरेख में की गई। केके अरोड़ा ने बताया कि नवंबर माह में चुनावों की घोषणा की गई थी। इस मौके पर एसोसिएशन सदस्य मौजूद रहे।

## चौधरी देवीलाल विवि के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन के गवर्निंग बॉडी की बैठक

# रेडियो की राष्ट्र निर्माण और जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका

*प्रतिभाशाली और मेधावी छात्रों को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए रेडियो पर उनके बारे में विशेष प्रसारण होंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। कम्युनिटी रेडियो स्टेशन के गवर्निंग बॉडी की बैठक लेते कुलपति।

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि रेडियो की राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है और ग्रामीण भारत के साथ-साथ युवा पीढ़ी भी इस जन माध्यम को पसंद करती है। कुलपति प्रो. विजय कुमार शुक्रवार को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन के गवर्निंग बॉडी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रेडियो स्टेशन के कार्यक्रमों में विविधता एवं गुणवत्ता को बरकरार रखकर सामुदायिक विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। किसी भी कम्युनिटी रेडियो स्टेशन की शक्ति उसके श्रोता होते हैं, इसलिए श्रोताओं के पसंद के कार्यक्रम रेडियो स्टेशन के माध्यम से प्रसारित किए जाने चाहिए। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी तथा प्राध्यापकों को भी रेडियो स्टेशन के कार्यक्रमों के साथ जोड़ा जाए ताकि विद्यार्थियों की पर्सनालिटी को निखारने का कार्य भी रेडियो स्टेशन के माध्यम से किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान का कार्य शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ आउटरेज कार्य को बढ़ावा देना भी होता है। इसलिए शिक्षा के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र की सूचना संबंधी आवश्यकता को पहचान कर रेडियो कार्यक्रमों का निर्माण किया जाना चाहिए।

### शिक्षा के क्षेत्र में संवाद और सहयोग को बढ़ावा

विश्वविद्यालय प्रशासन की एक नई पहल के अंतर्गत गवर्निंग बॉडी के सदस्यों के लिए रेडियो सेट्स वितरित करने की योजना है। इसका उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है। रेडियो के माध्यम से न केवल शैक्षणिक कार्यक्रमों का प्रसारण होगा, बल्कि विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान भी होगा। इस पहल के अंतर्गत प्रशासनिक अधिकारी भी इन रेडियो सेट्स का उपयोग करेंगे, जिससे वे कॉलेज की उपलब्धियों, आगामी प्रशासनिक कार्यक्रमों और छात्रों के लिए नए अवसरों के बारे में बेहतर जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, प्रतिभाशाली और मेधावी छात्रों को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए रेडियो पर उनके बारे में विशेष प्रसारण किए जाएंगे, जिससे छात्रों का उत्साहवर्धन हो सके। इसके साथ ही, एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा जिसमें शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, साहित्यकार और समाजसेवी लोग शामिल होंगे।


फतेहाबाद। कन्वेंशन में भाग लेते अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

### शिक्षा के निजीकरण से देश को नुकसान

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ द्वारा 'संगठन की जनवादी कार्यप्रणाली एवं अध्यापक आन्दोलन के परिपेक्ष्य' विषय पर जिला कन्वेंशन आयोजित की गई। कन्वेंशन की अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल ने की व संचालन जिला सचिव देसराज माचरा ने किया। कन्वेंशन के मुख्यवक्ता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के महासचिव व हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के उप महासचिव कृष्ण नैन, राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद, सचिव पवन कुमार व हिसार के जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा रहे। कन्वेंशन को सम्बोधित करते हुए कृष्ण नैन ने बताया कि शिक्षा के निजीकरण का कोई औचित्य नहीं है। शिक्षा महज किताबी ज्ञान नहीं है, बल्कि अच्छे इंसान बनाने और मिलजुल कर आगे बढने का जरिया है। शिक्षा व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करती है, लेकिन इसकी सार्थकता तब मानी जाती है जब उसके द्वारा प्राप्त डॉक्टर, इंजीनियर, तकनीशियन, अधिकारी, नेता आदि निःस्वार्थ भाव से समाज और प्रकृति के लिए काम करते हैं।